# जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पेयजल स्वच्छता समिति की पेयजल योजना से सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं की प्रगति की समीक्षा हेतु आयोजित बैठक दिनांक 30.06.2026 का कार्यवृत्त

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 30.06.2026 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण, कार्यदायी संस्था वेल्स्पन एवं जी.ए. इन्फ्रा के अधिकारी, डीपीएमयू टीम सहित अन्य अधिकारीकरण उपस्थित रहे । समीक्षा के दौरान कार्यदायी संस्था वेल्सपन एवं जी.ए. इन्फ्रा की प्रगति निम्नवत् पायी गयी :–

**वेलस्पन इन्टरप्राइजेज लिमिटेड–**

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 263 | 259 | 04 |
| 2 | Pump House | 263 | 256 | 07 |
| 3 | Solar | 259 | 201 | 58 |
| 4 | ESR (OHT) | 263 | 72 | 191 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 3951 | 3943 | 08 |
| 6 | FHTC | 160069 | 151382 | 8687 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 532 | 48 | 484 |

**जी0ए0 इन्फ्रा–**

| Sl.No. | Item | Scope | Completed | Work in Progress |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tubewell | 136 | 135 | 1 |
| 2 | Pump House | 136 | 132 | 4 |
| 3 | Solar | 121 | 119 | 2 |
| 4 | ESR (OHT) | 136 | 127 | 9 |
| 5 | Pipeline (Km.) | 1560 | 1514 | 46 |
| 6 | FHTC | 54024 | 52446 | 1578 |
| 7 | Har Ghar Jal Certification | 216 | 73 | 143 |

समीक्षा से स्पष्ट हुआ गत बैठक दिनांक 25.05.2026 से 30.06.2026 तक कार्यदायी संस्था वेलस्पन द्वारा 07 नग शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण किया गया है, शेष कार्यों में अपेक्षित प्रगति परिलक्षित नहीं है। उक्त स्थिति पर कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि वे मैनपावर बढ़ाकर कार्य तेजी से कराया जाना सुनिश्चित करायें। अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देशित किया गया कि वे कार्यदायी संस्थाओं की धीमी प्रगति के दृष्टिगत पत्र प्रेषित करना सुनिश्चित करें ।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)**

अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 04 स्थलों पर (ग्राम अशोगापुर विकासखण्ड भदोही, ग्राम अहिमनपुर विकासखण्ड औराई, ग्राम कठौता विकासखण्ड ज्ञानपुर ग्राम प्रयागदासपुर विकासखण्ड ज्ञानपुर) भूमि अप्राप्त है। वर्तमान समय में ग्राम कठौता एवं ग्राम प्रयागदासपुर विकासखण्ड ज्ञानपुर में जमीन चिन्हांकन हेतु उपजिलाधिकारी ज्ञानपुर के साथ मोके पर जा कर भूमि चिन्हाकन/भूमि विवाद निस्तारण का प्रयास किया गया है। अवशेष भूमि की उपलब्धता हेतु उपजिलाधिकारी औराई/भदोही से सम्पर्क किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी से सम्पर्क कर अप्राप्त भूमि का चिन्हांकन कराया जाना सुनिश्चित करायें ।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)**

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कुल 05 नग (गोपीपुर– कांशीरामपुर, पुरेविश्वनाथ, सीकीचौरा, चकबसुही एवं पुरेगोसाईदास) पेयजल योजनाओं से एच0टी0लाइन शिफ्टिग का कार्य अवशेष है। इसके अतिरिक्त 06 परियोजनाओं के नये विद्युत संयोजन कराया जाना प्रस्तावित था, जिसके सापेक्ष मैलोना, सरायजगदीश पेयजल योजना पर विद्युत कनेक्शन कार्य पूर्ण हो चुका है, अवशेष 04 नग नये विद्युत कनेक्शन के सापेक्ष 03 नग (नथईपुर , अनेगपुर, खेमईपुर,) का प्राक्कलन प्राप्त कर भुगतान की कार्यवाही करायी जा रही है। शेष 01 नग पेयजल योजना (अमवाखुर्द) का प्राक्कलन अप्राप्त है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम को निर्देशित किया गया कि अधिशासी अभियंता, विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर समस्त कार्यो को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंत, विद्युत, अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)**

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज के द्वारा अभी तक किसी भी ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं जलकल परिसर में प्रकाश की व्यवस्था नहीं की गयी है एवं डोमनपुर चिवटिया पेयजल योजना पर क्लोज सर्किट कैमरा लगा दिया गया है, अवशेष योजनाओं पर क्लोज सर्किट कैमरा लगाने की कार्यवाही की जा रहीं है। मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा के द्वारा किसी भी ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं किसी भी पेयजल योजना पर क्लोज सर्किट कैमरा नहीं लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा के द्वारा किसी भी ओ0एच0टी0 पर इंडीकेटर लाइट एवं किसी भी पेयजल योजना पर क्लोज सर्किट कैमरा नहीं लगाये जाने के प्रति नराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि सम्बंधित फर्म की योजनाओं से चोरी होने के उपरांत एफ0आई0आर0 में फर्म के प्रतिनिधि/प्रोजेक्ट मैनेजर के नाम को भी सम्मिलित किया जाये एवं समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि ओएचटी पर इंडीकेटर लाईट, परिसर के अन्दर सम्यक् प्रकाश व्यवस्था , एवं समस्त पेयजल परियोजनाओं पर क्लोज सर्किट कैमरा लगवाने की व्यवस्था करायें ।

**(कार्यवाही– कार्यदायी संस्था/अधिशासी अभियंता, जल निगम, ग्रामीण)**

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुये नल जल मित्र की प्रगति 61.70% (859 नग के सापेक्ष 530 नग पूर्ण) प्राप्त कर ली गयी है। जल सेवा आकलन से सम्बंधित ग्रामों में होने वाली बैठको कि कार्यवृत्त में जल जीवन मिशन को भी सम्मिलित कर कार्यवृत्त को e-gram swaraj Portal (https://egramswaraj.gov.in/) के JJM Dashboard 2.0 पर पंचायत सचिव की आई0डी0 से अपलोड कराया जाना है। वर्तमान तक 138नग कार्यवृत्त के सापेक्ष मात्र 38 नग कार्यवृत्त ही अपलोड हो पाया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया है कि सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए आपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/खण्ड विकास अधिकारी)**

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया कि दोनो कार्यदायी संस्था द्वारा आई0जी0आर0एस0 के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्वक निस्तारण कराये जाने में रूचि नहीं ली जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि योजनावार आई0जी0आर0एस0 लम्बित प्रकरणों का विवरण तैयार कर निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। यदि फर्म के द्वारा आई0जी0आर0एस0 से प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने में रूचि नहीं ली जाती है तो फर्म के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ कार्यदायी संस्था)**

समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज के द्वारा अभी तक हर घर जल प्रमाणीकरण मात्र 9% एवं मेसर्स जी0ए0इन्फ्रा0 के द्वारा अभी तक हर घर जल प्रमाणीकरण मात्र 33.8% ही कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि हर घर जल प्रमाणीकरण में आपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/ कार्यदायी संस्था)**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि स्कूल, आंगनवाड़ी, सामुदायिक शौचालयो एवं अन्य सरकारी भवनों पर शत् प्रतिशत जल संयोजन पूर्ण करायें तथा चेक लिस्ट तैयार कर, विकासखण्ड स्तरीय टीम गठित कराते हुये पूर्ण पेयजल योजनाओं की जॉच कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम/खण्ड विकास अधिकारी)**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) के द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 एजेन्सी के द्वारा आर0एफ0पी0 में निर्धारित गतिविधियों /कार्यो के अनुसार क्रियान्वित की गयी फेज–3 की गतिविधिया/कार्यो को पूर्ण कर सम्बंधित अभिलेख कार्यालय में जमा किया गया जिसका सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी से करायी गयी एंव रेण्डम आधार पर कुछ ग्रामों में जल निगम के अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/जूनियर इंजीनियर द्वारा भी करायी गयी कार्य सन्तोषजनक पाया गया। उक्त कार्यक्रम के सापेक्ष मेसर्स इण्डियन इन्स्टीट्यूट फार डेवलपमेन्ट स्टडीज एण्ड रिसर्च प्रयागराज द्वारा क्लस्टर–1 का बीजक धनराशि रू0 1155000.00 एवं क्लस्टर–2 का बीजक धनराशि रू0 1126125.00, मेसर्स जन कल्याण समीति भालेहटा प्रभुपुर चन्दौली द्वारा क्लस्टर–9 का बीजक धनराशि रू0 1155000.00 एवं क्लस्टर–10 का बीजक धनराशि रू0 750750.00 एवं रोकी गयी धनराशि क्लस्टर–9 का बीजक रू0 385000.00 एवं क्लस्टर–10 का बीजक रू0 250250.00 तथा मेसर्स ओम ग्रामोद्योग एंव विकास समिति, हुल्का ऊँचडीह प्रयागराज द्वारा क्लस्टर–1 का बीजक धनराशि रू0 1155000.00 एवं क्लस्टर–2 का बीजक धनराशि रू0 1155000.00 प्रस्तुत की गयी है। बीजक का परीक्षण किया गया है, बीजक भुगतान योग्य है। जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति द्वारा अनुमोदित की गयी। अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि पत्रावली तैयार कर बीजक राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ को प्रेषित कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियंता, जल निगम)**

अतः सभी संबंधित निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करते हुए अगामी बैठक के पूर्व अनुपालन आख्या प्रस्तुत करना सुनिशिचित करें।

ह० 04/07/26

(जिलाधिकारी)
भदोही।

**कार्यालय जिलाधिकारी भदोही।**

**पत्रांक** 3374 / कार्य - 33 / 12 **दिनांक** 03.07.2026

प्रतिलिपि :–

1. मुख्य विकास अधिकारी भदोही।
2. सम्बन्धित समस्त अधिकारी भदोही।
3. समस्त अन्य संबंधित अधिकारीगण को इस आशय से प्रेषित कि अपेक्षित बिन्दुओं का अनुपालन सुनिशिचित करते हुए अनुपालन आख्या बैठक के पूर्व प्रस्तुत करें।

ह० 04/07/26

(जिलाधिकारी)
भदोही।